भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली -110001

सं. ईसीआई/पीएन/261/2025 22.07.2025

प्रेस नोट

SIR परीक्षण में अभी तक उजागर हुये तथ्य

⁎ 18 लाख मृतकों के नाम पाये गये

⁎ 26 लाख लोग दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में जा चुके हैं, और

⁎ 7 लाख लोगों ने दो जगह वोट बनवा रखे हैं

बिहार में चल रहे SIR में, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं कि सभी पात्र मतदाताओं को 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्रॉफ्ट मतदाता सूची में शामिल किया जाए। बिहार में सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों द्वारा नियुक्त लगभग 1 लाख बीएलओ, 4 लाख वालंटियर्स और 1.5 लाख BLA सहित पूरी चुनाव मशीनरी उन मतदाताओं को ढूंढ़ने के लिए मिलकर काम कर रही है, जिन्होंने अभी तक अपने गणना फॉर्म (EF) जमा नहीं किए हैं या जो अपने पते पर नहीं पाए गए हैं।

2. CEO/DEOs/EROs/BLOs ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं और उन 21.36 लाख मतदाताओं की विस्तृत सूची साझा की है जिनके फार्म अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं तथा लगभग 52.30 लाख ऐसे मतदाताओं की भी सूची साझा की है जिनकी कथित तौर पर मृत्यु हो चुकी है या जो स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या जो एक से अधिक स्थानों पर नामांकित हैं।

3. दिनांक 24.06.2025 के SIR आदेश के अनुसार, 1 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 तक आम जनता में से कोई भी व्यक्ति ड्राफ्ट मतदाता सूची में कोई भी नाम जोड़ने, हटाने, सुधार करने के लिए आपत्तियां दर्ज करा सकता है।

4.	**कुल निर्वाचक (24 जून 2025 तक)**		**7,89,69,844**	**प्रतिशत**
5.	प्राप्त गणना फॉर्म		7,16,04102	90.67%
6.	डिजिटाइज किए गए गणना फॉर्म		7,13,65,460	90.37%
7.	**अब तक अपने पते पर अनुपस्थित पाए गए निर्वाचक**		**52,30,126**	**6.62%**
	7.1	अब तक की रिपोर्ट के अनुसार मृत निर्वाचक	18,66,869	2.36%
	7.2	अब तक की रिपोर्ट के अनुसार स्थायी रूप से स्थानांतरित निर्वाचक	26,01,031	3.29%
	7.3	एक से अधिक स्थानों पर नामांकित निर्वाचक	7,50,742	0.95%
	7.4	जिन निर्वाचकों का पता नहीं चल पा रहा है	11,484	0.01%
8.	**कुल सम्मिलित निर्वाचक (5+7)**		**7,68,34,228**	**97.30%**
9.	**शेष गणना फॉर्म, जिन्हें अभी प्राप्त किया जाना बाकी है**		**21,35,616**	**2.70%**

ह./-

पी. पवन

उप निदेशक

आयोग के राजभाषा प्रभाग द्वारा अनूदित

***